## खबर संक्षेप



### तहसील कार्यालय की छत से टपक रहा पानी

**पुसौर।** पुसौर के तहसील कार्यालय भवन के नायब तहसीलदार कोर्ट के छत से बरसात के दिनों में लगातार पानी रिसने की जानकारी प्रकाश में आई है। जिसका तहसीलदार द्वारा उच्चाधिकारियों को यथोचित कार्रवाई के लिए दस्तावेज के साथ अवगत कराया जा चुका है। बहरहाल छत से लगातार पानी रिसने के कारण नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा के काम काज बिल्कुल प्रभावित हैं और उन्हें कार्यालय के दूसरे हिस्से में अपनी कार्यालय लगानी पड़ रही है। बताया जाता है कि उक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण वर्ष 2010 के आसपास हुआ है। शासकीय भवनों के मुल्यांकनकर्ताओं के मुताबिक इतनी जल्दी छत से पानी नहीं रिसना चाहिये था। वहीं तहसील कार्यालय में बनाए गए प्रशाधन भी अस्त व्यस्त हो चुका है, जो तात्कालीन निर्माण ऐजेन्सी के क्रियाकलाप अनियमितता के घेरे में होना बताया जा रहा है। कार्यालय में आए हुई महिलाओं को प्रशाधन के कारण आए दिन भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है।

### मातृ वंदना योजना के तहत विशेष अभियान 31 तक

**रायगढ़।** गर्भवती और शिशुवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार सुरक्षित मातृत्व और आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत रायगढ़ जिले में 31 जुलाई तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर विभागीय अधिकारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर पात्र महिलाओं से आवेदन पत्र भरवा रहे हैं। कलेक्टर द्वारा इस अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है और जिले के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान काम न कर पाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की आंशिक भरपाई करना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आबकारी आरक्षक भर्ती...

बिना जेब और बिना बटन की कुर्ता/शर्ट) और निर्धारित समय सीमा में आने पर ही मिल रहा था। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों को केंद्रों के बाहर ही रोक दिया गया, जिससे कई युवा मायूस नजर आए।

### गाय के मांस के ...

पत्थलगांव पुलिस के द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर रवाना होकर, आरोपियों की धर पकड़ हेतु, चनेश राम केरकेट्टा की बाड़ी की घेरा बंदी की गई। जहां पांच व्यक्ति गौ वंश के मांस का हिस्सा बंटवारा करते पाए गए। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया गया व उनके कब्जे से 33 किलो गाय का मांस सहित वध व मांस काटने में प्रयुक्त औजार को जब्त कर लिया गया। पुलिस के द्वारा जब घटना स्थल की तलाशी ली गई तो वहां गाय का सिर, पूंछ, सिंग व चमड़ी भी मिली। जिसे भी पुलिस के द्वारा जब्त कर पशु चिकित्सक से पोस्ट मार्टम कराया गया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा अपना नाम सूरज प्रकाश केरकेट्टा उम्र 25 वर्ष, प्रकाश लकड़ा उम्र 39 वर्ष, चनेश राम केरकेट्टा उम्र 40 वर्ष रकबीर लकड़ा, उम्र 47 वर्ष, मालिक लकड़ा उम्र 45 वर्ष सभी निवासी ग्राम तिलडेगा कटंगतराई, थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर के रहना बताया। उनके द्वारा पुलिस को बताया गया कि उक्त गौ वंश आरोपी सूरज प्रकाश केरकेट्टा का था, जिसे वे एकमत होकर, खाने व बिक्री करने के लिए वध कर उसका मांस काटे थे। पुलिस के द्वारा आरोपियों के अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उनके विरुद्ध थाना पत्थलगांव में 325,3(5) बी. एन. एस. व छ. ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की कार्रवाई व गौ वंश के मांस सहित आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, सहायक उप निरीक्षक लखेश साहू, आरक्षक आशीषन टोप्पो, राजेंद्र रात्रे व आकाश कुजूर ड्यूटी पर तैनात थे।

### दर्जनों गांवों के भीतर घुसा पानी, राहत और बचाव कार्य में जुटा प्रशासन

# महानदी में आई बाढ़ से तटवर्ती गांवों में किसानों की हजारों एकड़ फसल जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। हजारों एकड़ फसल जल मग्न हो गए हैं। वहीं तटवर्ती गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। तथा महनदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे तटवर्ती गांवों के लोगों में चिंता सता रही है। हालांकि प्रशासन द्वारा प्रभावित गांवों में मुनादी करा दी गई है और सुरक्षित स्थान में पहुंचाने तथा बाढ़ राहत शिविर लगाने की बात कही जा रही है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी उफान पर है। सुबह से ही महानदी का जल स्तर बढ़ता ही जा रहा है। महानदी में आई भीषण बाढ़ के कारण हजारों एकड़ फसल साग सब्जी जलमग्न हो गए हैं। प्रदेश के अंतिम छोर में स्थित पोरथ का प्रसिद्ध स्वयंभू शिव मंदिर जलमग्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार महानदी का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। यदि यही स्थिति रही तो लोगों को गांव छोड़ना पड़ सकता है। बता दे कि किसान



अभी खेतों में धान फसल लगाए थे कि बाढ़ के कारण हजारों एकड़ धान फसल व सब्जी एवं नगदी फसल जलमग्न हो गए हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील अंतर्गत महानदी के तटवर्ती ग्राम ठेंगागुडी, तोरा बोरिदा, लिप्ती, नदीगांव, परसरामपुर, सुरसी, सूरजगढ़ कोर्रा पोरथ सहित अनेक ग्रामों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। ग्राम तोरा प्रदेश के अंतिम छोर कहलाता है और यहां करीब 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में यहां के किसानों ने मक्का का उत्पादन किए हैं। अपने आंखों के सामने मक्का की खेती चौपट होने पर किसानों को भारी पीड़ा पहुंची है। उन्होंने जी तोड मेहनत करके फसल लिए थे और अचानक महानदी में आई बाढ़ के कारण मेहनत पानी डूब गई। ग्राम तोरा के प्रदीप साहू किसान ने अपने परिवार के साथ कमर भर से ज्यादा ज्यादा बाढ़ के पानी में नाव के माध्यम से पहुंचकर मक्का के फसल को सुरक्षित स्थान ला रहे हैं। इसी तरह अनेक किसान यहां अपने फसल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों ने बताया कि महानदी का जल स्तर शनिवार सुबह से बढ़ता ही जा रहा है। यदि यही स्थिति रही तो ग्रामीणों को गांव छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगे। हालांकि ग्रामीण अपने अनाज को एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचने लगे हैं। प्रशासन द्वारा भी अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। गाँव में सरपंच व सचिव सतत्बाढ़ को ग्रामीणों के बीच मुस्तैद है। प्रशासन हर संभव मदद करेगा। इसके लिए सरिया में भी राहत शिविर भी लगाने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। तथा गांव गांव में सुरक्षित स्थानों पर बाढ राहत शिविर लगाए जाएंगे।



## जल-जीवन मिशन में धीमा काम, 12 ठेकेदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी ठेकेदारों, कार्यपालन अभियंता, जिला और जनपद पंचायत के सीईओ को बुलाकर सबकी उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन के कार्यों का समीक्षा किया। धीमा कार्य और कार्य बंद रखने वाले 12 ठेकेदारों को नोटिस, 4 ठेकेदारों को पेनाल्टी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सभी ठेकेदारों को जहां सोर्स पूर्ण है, टंकी और पाइपलाइ नके काम पूरा हो गए हैं। साथ ही नल कनेक्शन के कार्य भी पूर्ण हो गए हैं वहां संबंधित गांव के सरपंच व जनपद सीईओ को मिलकर सत्यापन कार्य 10 दिवस में करने के निर्देश दिए। वहीं पाइपलाइन या पानी टंकी का कार्य धीमी प्रगति पर है, उसे शीघ्र शुरू कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन ग्राम पंचायतों के कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा सत्यापन भी पूर्ण हो गया है, उन ग्राम पंचायतों को सुपुर्द (हैंडओवर) करने का जनपद पंचायत को निर्देश दिए। ठेकेदार डी व्ही ट्रेडर्स, वैष्णवी कंस्ट्रक्शन, संजीव कुमार, अफजल अहमद बिलासपुर, अभिषेक पालीवल, मुकुल मन्नत सहित अन्य ठेकेदार को नोटिस जारी कर जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए और गांव शहर में जहां सीसी रोड उखड़े हैं उसे ठीक कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने समूह जल प्रदाय के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 3 समूह जल प्रदाय योजना संचालित है। इसमें मिरोनी बैराज पर भद्रा रीवांपार परियोजना के 84 गांव, बरगांव कंचनपुर परियोजना के 102 गांव और घोठला छोटे हरदी परियोजना के 69 गांव के कितने पूर्ण अपूर्ण कार्य का विस्तृत समीक्षा किया। इन स्थानों में कार्यों को गुणवत्ता के साथ दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने के 6`निर्देश कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप, एसडीओ बी एल खरे सहित सभी ठेकेदारों को दिए, वे काम इंटेकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, रा वाटर, क्लियर वाटर, पंप, मल्टीविलेज आदि शामिल है।

## बाबाधाम के लिए निलेगी कांवड़ यात्रा

**तमनार।** केलो बनांचल के केलो नदी से लगे घटोरिया धाम कसडोल से बाबाधाम कोसमनारा के लिए सैकड़ों शिवभक्त 27 जुलाई की रात को कांवड़ यात्रा निकालेंगे। कांवड़ यात्रा रात 12 बजे से प्रारम्भ होगी। सभी श्रद्धालुओं के लिए घटोरिया धाम में रुकने एवं पुरी-सब्जी की व्यवस्था की गई है। वहीं श्रद्धालु 27 किमी शिव की कांवड़ यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनेंगे। भैंसगढ़ी, बड़गांव, उर्दना अन्य जगहों पर शिवभक्तों द्वारा चाय बिस्किट पानी की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से भगवान शिव का जला और दूधाभिषेक किया जाएगा।

## बालिकाओं के खेल कौशल को निखारने की पहल

**रायगढ़।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में संचालित खेलों इंडिया लघु केन्द्र रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर रायगढ़ में अस्मिता सिटी लीग का आयोजन किया गया।

खेलो इंडिया योजना के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रेरित करना और उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। अस्मिता सिटी लीग में खेलो इंडिया लघु केन्द्र बैडमिंटन रायगढ़ के बालिका खिलाड़ी एवं विभिन्न स्कूलों के बालिका खिलाडियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उक्त सिटी लीग में बैडमिंटन के डबल्स प्रतियोगिता में रिंकी पटेल तथा काशिका ने प्रथम स्थान एवं सिमरन तथा अनुष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में रिंकी पटेल ने प्रथम स्थान तथा सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## आईटीआई के खेल मैदान व शेष भूमि में सरकारी कार्यालय खोलने का विरोध

**पुसौर।** आईटीआई के खेल मैदान व शेभ भूमि में उप पंजीयन कार्यालय खोलने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका आईटीआई के छात्र व स्टाफ विरोध कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

दरअसल पुसौर तहसील कार्यालय के बगल में आईटीआई कॉलेज पिछले कई वर्षो से स्थापित है। जिसके विकास के लिए एनटीपीसी लारा, एनटीपीसी तिलाईपल्ली वाले आए दिन सहयोग करते रहे हैं। जिसमें भवन निर्माण, अहाता आदि के साथ-साथ नये ट्रेड स्थापित करने संबंधित स्टूमेंट व रॉ मटेरियल भी मुहैया कराने की जानकारी प्रकाश में आता रहा है। इसलिए पूर्व में उक्त आईटीआई में जो केवल को-पा के नाम से छात्र दाखिल होते थे अब फील्टर इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर सहित




अन्य कई ट्रेड स्थापित हो चुके हैं। जिससे अब छात्र अलग-अलग ट्रेड पर प्रवेश लेते हैं।

इस प्रकार यहां छात्रों की संख्या में कई गुना इजाफा हो चुका है। वहीं यहां अब प्रत्येक विषय के अलग-अलग शिक्षक भी आ चुके हैं और पुसौर आईटीआई विकास की ओर अग्रसर है। पिछले कई सालों से आईटीआई भवन के मैंदान में यहां के छात्र अपनी खेल प्रतिभा का भी प्रदर्शन करते रहे हैं। जिसमें बालीवाल, क्रिकेट, फुटबाल आदि खेल होते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त खेल मैंदान तथा कुछ शेष भूमि में उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण किए जाने की स्वीकृति राजस्व विभाग द्वारा दी गई है।

जिसका विधिवत ईश्तिहार भी जारी किया गया है, जिसमें 25 जुलाई तक आपत्ति किया जाना था। इसके लिए आईटीआई के स्टाफ एवं कुछ छात्रगण एक आपत्ति पत्र तहसीलदार कार्यालय में देना चाहे जिसमें ये सफल नहीं हो पाये। इस तथ्य पर तहसीलदार नेहा उपाध्याय का कहना था कि आईटीआई प्रबंधन जितने ऐरिया में स्थापित है वो सारी भूमि उसे आबंटित नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में शासन जनहित में संबंधित भूमि को ले सकती है। इसलिए इनके द्वारा प्रस्तुत किया गया आपत्ति अस्वीकार किया गया है।



### आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत

**सरसीवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सरसीवा तहसील के अंतर्गत ग्राम टाटा बिलासपुर मे दुखद घटना घट गई। जहां 55 वर्षीय बुधराम चौहान की मौत का कारण आकाशीय बिजली बना। घटना उस समय की है जब बुधराम चौहान अपने घर के आंगन में कुछ कार्य कर रहे थे। इस दुखद घटना की जानकारी गांव वालों को पता चला वैसे ही बुधराम चौहान को परिवार के सदस्य और गांव के लोगों ने इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसीवां लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में दुख का माहौल छाया रहा।

## दहिदा प्राथमिक शाला में मनाया गया हरेली पर्व

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में बैगलेस डे का आयोजन किया गया, इस अवपसर पर हरेली उत्सव भी मनाया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

बैगलेस डे का मतलब है कि बच्चे बिना स्कूल बैग के स्कूल आएंगे और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेंगे। इस दिन बच्चे खेल, कला, कृषि और व्यवसायिक शिक्षा जैसी गतिविधियों में शामिल होते हैं। हरेली एक पारंपरिक छत्तीसगढ़ी त्योहार है जो फसलों की कटाई के बाद मनाया जाता है। इस दिन, लोग अपने खेतों और औजारों की पूजा करते हैं। इस दिन फॉउंडेशनल स्तर से विद्यार्थी ख़ास छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुसज्जित रहे, छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक विद्यार्थियों के सुंदर वेशभूषा से मनमोहक लग रही थी, गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया, बच्चों को बताया गया



कि किसान कृषि यंत्रों की पूजा भी इसी दिन करते हैं, कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा हरेली गीतों की झमाझम प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ी पारम्परिक पकवान, नीम पत्ती, बैल, कृषि औजार पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं दूसरी ओर प्रीपरेटरी स्तर पर अभिभावक दिवस मनाया गया जैसा कि नाम से पता चलता है माता पिता को स्कूल में आमंत्रित करने और उनके बच्चों की शिक्षा में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा बेहद आकर्षक धन्यवाद ग्रीटिंग्स कार्ड अपने माता पिता के लिए बनाया गया, जिसमें अपने माँ और पिता की तस्वीर बच्चों ने लगाई थी, बच्चों ने बताया कि जीवन मे माता-पिता की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, जन्म से ही वे बच्चों का पालन पोषण करते हैं, उन्हें अच्छे संस्कार देते हैं ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों और दायित्वो का निर्वहन कर सकें। इस प्रकार बैगलेस डे पर हरेली और अभिभावक दिवस का आयोजन एक साथ किया गया ताकि बच्चों को पारंपरिक त्योहारों और उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी दी जा सके। इस अवसर पर प्रियंका गोस्वामी, असरिता टोप्पो सहायक शिक्षक एल बी संजय कुमार मिश्रा, खेमराज पटेल उपस्थित रहे, इस शानदार आयोजन हेतु संकुल समन्वयक अशोक कुमार खरे एवं संकुल प्राचार्य बीरेंद्र कुमार अनंत ने शालेय परिवार को बधाई एव शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले 50 अधिकारी-कर्मचारियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक सारंगढ़ के कलेक्ट्रेट के विभिन्न शाखाओं, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसील कार्यालय, पीडब्ल्यूडी, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, बीआरसी, आदिवासी विकास आदि कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान कार्यालय में अनुपस्थित 50 अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर अनुपस्थिति के संबंध में कलेक्टर डा. कन्नौजे ने सिविल सेवा आचरण 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है और जवाब प्राप्त होने के बाद विभागीय कार्रवाई की बात कही है। इस दौरान अपर कलेक्टर एस के टंडन, सीईओ इंद्रजीत बर्मन भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सारंगढ़ के विकास खंड शिक्षा अधिकारी रेशम लाल कोसले, कलेक्टोरेट के सहायक ग्रेड 2 शैलेन्द्र पटेल, सोमदत्त पटेल, ममता नंदे, भू अभिलेख शाखा के सहायक अधीक्षक कमल सिंह ठाकुर, विकास साहू, सहा ग्रे 3 गीता नायक,खनिज शाखा के सहा ग्रे 2 सूरज महंत, प्रोसेस सर्वर अनुराग नंद, सिपाही ज्योति पाल, खाद्य शाखा के आपरेटर गिरिवर कुर्रे, करम यादव, सहायक प्रोग्रामर इंदु प्रधान, रितेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सहा ग्रे 2 डी के हरदिहा, संतोष देवांगन, सहा ग्रे 3 पिंकी कंवर, मिनकेतन जायसवाल, तहसील कार्यालय के सहा ग्रे 2 राजेश गुप्ता, अरविंद पटेल, सहा ग्रे 3 निशांत यादव, कांता उरांव, संजय सिदार, सुभाष उरांव, आपरेटर पूजा बरेठ, भृत्य अंजनी अरिल्ले, सोमेश्वर यादव, साधुराम साव, लोक निर्माण विभाग के मानचित्रकार ठाकुर राम राठिया, सहायक मानचित्रकार गिरीश पटेल, सहायक ग्रेड 2 गजेन्द्र यादव, सहायक ग्रेड 3 छवि श्याम धृतलहरे, लोमेश राठिया, सत्यानंद अजगल्ले, नितीश निराला, एन के भारती, स्थल सहायक एस आर अजय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 रविन्द्र पटेल, रूपा रत्नेश, मधु देवांगन, विवेक सिदार, ऑपरेटर पंकज साहू, उमाकांत, चपरासी बाल्मीकि सिदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## नवापारा में जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्राप्त निर्देशानुसार 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक मध्यस्थता अभियान के तहत शुक्रवार को घरघोड़ा नावापारा में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का संचालन विधिक स्वयं सेवक पैरालीगल वालिंटियर बालकृष्ण, लव कुमार चौहान एवं टीकम सिंह सिदार के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मध्यस्थता प्रक्रिया द्वारा विभिन्न प्रकार के वादों के निष्पादन के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि मीडिएशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आपसी विवाद बातचीत के द्वारा सुलह समझौते से निस्तारित किए जा सकते हैं। व्यावसायिक वादों में भी मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निष्पादन सुगमता से किया जा सकता है। छोटे मोटे व्यावसायिक विवाद आपसी सुलह समझौते से जिला विधिक प्राधिकार में प्रशिक्षित मध्यस्थ की देखरेख में



निस्तारित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, संपत्ति विवाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर सुगमता पूर्वक निपटा, जा सकते हैं। लोगों को सलाह दी गई कि इस प्रकार के वाद यदि न्यायालय में लंबित है तो मिल बैठकर दोनों पक्ष सुलह का रास्ता तय कर सकते हैं। मध्यस्थता में किसी भी पक्ष की हार नहीं होती और कोर्ट कचहरी के झंझट से मुक्ति मिल जाती है। शिविर में लोगों को आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर की भी प्रचार प्रसार किया गया।

### मां कॉलोनी में वैकल्पिक कच्ची नाली खोदकर निकाला

## जल भराव न हो इसके लिए सुबह से ही डटी रही निगम की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिछले दो दिनों से लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है, लेकिन कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के पूर्व में दीवार तोड़कर, सड़क काटकर वैकल्पिक नाला निर्माण, नाले का गहरीकरण, चौड़ीकरण, नाले से अतिक्रमण हटाकर नाला की सफाई कार्य करने से शहर में कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं बनी। जल भराव से निपटने एक तरफ जहां कमिश्नर श्री क्षत्रिय सहित निगम के टीम द्वारा रात भर शहर के जल भराव क्षेत्र में निगरानी रखी गई थी, वहीं शनिवार की सुबह 5 बजे से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर पानी निकासी को बहाल कराया गया।

कमिश्नर श्री क्षत्रिय, डिप्टी कमिश्नर सुतीक्षण यादव सहित इंजीनियर, सफाई विभाग व वाहन विभाग की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रॉयल ग्रीन सिटी में पानी भरने की समस्या आ रही



थी। इसका पानी निकासी वार्ड क्रमांक 34 चांदगीराम कोल्ड स्टोरेज के सामने नाले से होता है। इसपर कोल्ड स्टोरेज के सामने नाले के कलवर्ट में पानी निकासी दबाव बढ़ने पर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने तत्काल जेसीबी बुलवाकर नाले की खुदाई एवं कलवर्ट को तोड़कर नाले का चौड़ीकरण करवाया। इससे यहां पानी निकासी अच्छी तरह से बहाल हुआ। इसी तरह बड़े अतरमुड़ा मां कॉलोनी में पानी भरने की समस्या की सूचना मिली। जिस पर निगम की टीम ने तत्काल रिस्पांस करते हुए वहां जेसीबी से दीवार को तोड़ते हुए सड़क काटकर वैकल्पिक नाली का निर्माण किया। इससे कुछ ही समय में कालोनी में भरा पानी निकल गया और वहां के निवासियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद आयुक्त श्री क्षत्रिय ने नवापारा, गांधी नगर बड़ा नाला का निरीक्षण किया और क्षेत्र में निगरानी बनाए रखने के साथ पानी निकासी के लिए नाले में फसने वाले कचरा, झाड़, प्लास्टिक को निकालने के निर्देश दिए। इसी तरह काशीराम चौक, गंधरी पुलिया, स्टेशन रोड होते हुए हंडी चौक, सर्किट हाउस, चांदमारी, बोईरदादर चौक, स्टेडियम का निरीक्षण आयुक्त ने किया। इस दौरान उन्होंने सभी जोन के टीम के इंजीनियर्स, सहायक कर निरीक्षक, सफाई दरोगा को क्षेत्र के पानी निकासी संबंधित नाली-नाला का सतत निरीक्षण करने व पानी निकासी संबंधित शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### 52 मवेशियों के साथ दो तस्कर हुए गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में बीती रात मवेशी तस्करी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो पशु तस्करों को 52 मवेशियों के साथ धर दबोचा। गौ सेवा में लगे संगठन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 25 जुलाई की रात्रि घरघोड़ा डॉयल 112 को मवेशी तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी। डॉयल 112 स्टाफ ने तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव को अवगत कर ग्राम कंचनपुर मेन रोड पर दबिश दी। मौके पर गौ सेवा संगठन के सदस्यों द्वारा दो पशु तस्करों को पकड़ा गया था, जो 52 मवेशियों को भूखे-प्यासे, मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक बूचड़खाने ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर सभी मवेशियों को सुरक्षित थाने लाया।

